SHAH TIMES, Delhi, 18.5.2020
Page No. 2, Size:(15.32)cms X (9.30)cms.

मानवाधिकार संस्था ने किया कोरोना योद्धाओं को सम्मानित

(शाह टाइम्स संवाददाता)

मोदीनगर। राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत जगदीश गिरी के आदेशानुसार हमारी संस्था मानवाधिकार एवं न्याय सुरक्षा प्रहरी की टीम द्वारा 1 से 15 मई 2020 के बीच में मोदीनगर व मुरादनगर के लगभग 10 अलग-अलग वार्डो में कोरोना योद्धाओ (सफाई कर्मियों, हेल्थ वर्कर्स और पुलिसकर्मियों) को सम्मान-पत्र,पानी की बोतल,मास्क,फ्रूटी व सैनिटाइजर देकर सम्मानित किया गया है जो कोरोंना वायरस जैसी महामारी से हमें बचाने के लिए दिन रात हमारे नगर की सफाई और हमारी

सुरक्षा का ध्यान रख रहे हैं, यह जानकारी संस्था के कोषाध्यक्ष व सलाहकार मनोज संघी ने दी। मनोज संघी ने यह भी बताया कि इन सभी को शपथ भी दिलाई गई कि सभी स्वदेशी सामान का इस्तेमाल करेंगे और नगर को साफ सुथरा रखने के साथ साथ स्वयं का भी ध्यान रखेंगे तथा सरकारी आदेशों का पालन करेंगे व कराएँगे भी। यह भी बताया कि हमारी संस्था की टीम ने सड़क चलते लोगों को भी करोना से बचने तथा मास्क पहनने की सलाह दी तथा सड़को पर बिना मास्क के चलने वालों को मास्क वितरण किए तथा उन लोगों को मास्क का महत्व बताया और सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखने की भी सलाह दी क्योंकि इस करोना महामारी से बचने के लिए केवल सोशल डिस्टेंसिंग, सफाई व सैनिटाइजर और बार बार साबुन से हाथ धोना ही एकमात्र समाधान है। इस सम्मान कार्यक्रम मे संस्था के जिलाध्यक्ष राजू वर्मा कॉर्डिनेटर त्रिवेंद्र गुप्ता,उउपाध्यक्ष राजकुमार गोयल, मोदीनगर अध्यक्ष प्रदीप नेहरा ,सचिव अंशुल अग्रवाल जनसंपर्क अधिकारी सूरजपाल ,राहुल गुप्ता,मनीष संघी,रेणु और मुरादनगर अध्यक्ष आदेश वर्मा,महासचिव जयवीर,कपिल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।